Title: Need to rename the Mumbai Central (West) Station after the name of Babasaheb Bhimrao Ambedkar.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर): अध्यक्ष महोदय, यह खुशी की बात है कि मुम्बई विक्टोरिया टर्मिनल रेलवे स्टेशन का नाम छत्रपति शिवाजी के नाम पर रख दिया गया है और मुम्बई एयरपोर्ट का नाम भी छत्रपति शिवाजी के नाम पर रख दिया गया है। बाबासाहिब भीमराव अम्बेडकर जी का कार्य क्षेत्र मुम्बई रहा है और वे संविधान के शिल्पकार भी हैं। इसलिए हमारी मांग है कि मुम्बई सैन्ट्रल के पश्चिमी रेलवे स्टेशन का नाम भीमराव अम्बेडकर जी के नाम पर रखना चाहिए। कुमारी ममता बनर्जी जी जब रेल मंत्री थी, तब भी हमने यह मांग की थी, लेकिन अभी तक इस दिशा में कुछ भी नहीं हुआ है। प्रमोद महाजन जी से निवेदन है कि वे रेल मंत्री को आदेश दे कि मुम्बई सैन्ट्रल के पश्चिमी रेलवे स्टेशन का नाम भीमराव अम्बेडर जी के नाम पर रखा जाए।

कुमारी ममता बनर्जी : पंडिल जवाहरलाल नेहरु जी के समय में निर्णय हुआ था कि किसी के नाम पर नहीं, किसी किताब या अन्य चीज पर होगा।

श्री रामदास आठवले : लेकिन अब दे रहे हैं। इसलिए हमारी मांग है, जब छत्रपति शिवाजी के नाम पर रखा है, तो बाबासाहिब अम्बेडकर जी के नाम पर भी रखा जाना चाहिए।

MR. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.05 p.m.

13.06 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till five minutes past Fourteen of the Clock.